UG Courses के लिए आवेदन करने वाले छात्रों के लिए महत्वपूर्ण निर्देश :-

UG Course में नामांकन लेने हेतु सर्वप्रथम विद्यार्थी https://jharkhanduniversities.nic.in (Chancellor Portal) पर क्लिक कर Sign Up करें I

1. Student Sign Up करने हेतु निम्नलिखित विवरण अनिवार्य हैं :

- Full Name (As per your 10th certificate)
- Email ID (valid Email Id)
- Mobile Number (valid Mobile No.)
- Password

2. Sign Up करने के बाद विद्यार्थी द्वारा दिया गया ईमेल आईडी (Email Id) ही यूजर आईडी होगा और पासवर्ड जो विद्यार्थी द्वारा दिया गया है ।

- विद्यार्थी Sign Up के बाद यूजर आईडी और पासवर्ड भविष्य में Chancellor Portal में Login हेतु सुरक्षित रखें । क्योकि किसी भी परिस्थिति में Userid/Email ID भविष्य में बदलाव नहीं किया जायेगा ।
- दो विद्यार्थीयों को अपना आवेदन पत्र एक ही यूजर आईडी (Email ID) और पासवर्ड से नहीं भरना चाहिए अन्यथा प्रवेश के समय इसका उल्लंघन हो जाता है। इसलिए, यदि आपका फॉर्म किसी और द्वारा भरा जा रहा है, तो कृपया सुनिश्चित करें कि आपका विवरण लॉगिन करने के लिए उपयोगी हो ।

3. Chancellor Portal में Application Form भरने हेतु कुल 04 Steps में फॉर्म भरना होता है

1. Personal Information.

- Application Form भरते समय विद्यार्थी अपना नाम 10th/SSC/मेट्रिक/ समकक्ष प्रमाण पत्र के अनुसार होना चाहिए, पिता का नाम , माता का नाम ,जन्म तिथि ,कास्ट केटेगरी, Photograph, Signature एवं बिषय (Subject) को सही-सही भरना आवश्यक है।

- **आरक्षण कोटि :** आवेदक को अपने आरक्षण कोटि का चयन करना होगा । आरक्षण कोटि यथा (EWS, BCI, BCII, SC, ST) से संबंधित प्रमाण पत्र सत्यापन के समय प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा । जो आवेदक झारखंड राज्य के निवासी नहीं हैं वे कृप्या सामान्य कोटि का चयन करेंगे। ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने के बाद आरक्षण कोटि(Cast Category) में किसी प्रकार का परिवर्तन स्वीकार नहीं किया जायेगा ।
- Photograph, Signature Upload करने के बाद पुनः वेरीफाई कर लें क्योकी भविष्य किसी प्रकार का परिवर्तन स्वीकार नहीं किया जायेगा ।
- Photograph, Signature Upload करने के बाद पुनः वेरीफाई कर लें क्योकी की रजिस्ट्रेशन सिलिप में यही Photograph और signatrue दीखेगा.
-

2. Academic Information.

3. Applying for Discipline.

- नामांकन लेने हेतु विद्यार्थी इस लिंक https://jharkhanduniversities.nic.in/subject/criteria/subjectwisemappingcriteriaUniversity / पर क्लिक करें
- कॉलेज और सब्जेक्ट वाइज एलिजिबिल्टी क्राइटेरिया या सब्जेक्ट वाइज क्राइटेरिया कॉम्बिनेशन देखे सकते हैं अपना सब्जेक्ट एलिजिबिल्टी क्राइटेरिया के आधार पर University एवं College का चयन कर सकते हैं। विद्यार्थी एक ही Application Form में अलग - अलग University एवं College चयन कर एप्लीकेशन फॉर्म भर सकते हैं।

- प्रतिष्ठा (Honours) में नामांकन के लिए संबंधित बिषय में 45 % अंक होना अनिवार्य है।

  For Ex: 1.

  अगर कोई भी छात्र इण्टर में आर्ट्स लेकर पढा है और वो छात्र हिंदी प्रतिष्ठा(Honours) एडमिशन में लेना चाहते हैं तो आपका हिंदी पेपर में 45 % marks होना अनिवार्य है
- संकाय परिवर्तन (Stream Change) के लिए कुल प्राप्तांक (Full Marks) 45 % अंक होना अनिवार्य है।

For Ex: 2. अगर कोई भी छात्र इण्टर में कॉमर्स / साइंस (Commerce/Science) लेकर पढा है और वो छात्र हिंदी प्रतिष्ठा(Honours) एडमिशन में लेना चाहते हैं। तो कुल प्राप्तांक (Full Marks) 45 % अंक होना अनिर्वाय है।

- प्रतिष्ठा पेपर(Honours Paper) सेलेक्ट करते समय GE Paper और AECC Paper को सही से देखकर सेलेक्ट करें क्योंकि एप्लीकेशन फीस भुगतान (Application FEE Payment) करने के बाद change नहीं कर सकते हैं।

4. Payment Section.

- सब्जेक्ट कॉम्बिनेशन सिलेक्शन करने के बाद। आपको नेट बैंकिंग / डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड /UPI के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान करना होगा। भुगतान राशि में अपेक्षित आवेदन शुल्क और बैंक के देय लेनदेन शुल्क सम्मिलित होंगे जो भुगतान पृष्ठ पर दिखाए जाएंगे।

- आवेदक को भुगतान करते समय सावधानी बरतनी चाहिए और एक एप्लीकेशन फॉर्म के लिए कई भुगतानों से बचना चाहिए।

- किसी भी मामले में, Application fee Paid करने के बाद आवेदन शुल्क राशि लौटाई नहीं जाएगी।

- भुगतान करने के बाद एप्लीकेशन फॉर्म में कोई परिवर्तन नहीं किया जा सकता है। इसलिए भुगतान करने से पहले आवेदक को सभी विवरणों की जांच कर लेनी चाहिए।

- अगर बिजली या इंटरनेट की विफलता या बैंक लिंक की धीमी गति के कारण राशि की कटौती हो जाती है और आवेदक को सफल पंजीकरण संदेश नहीं मिल पाता है, तो शुल्क राशि 7 कार्य दिवस के बाद payment gateway द्वारा लौटा दी जाएगी।

- आवेदन भरने की अंतिम तिथि के बाद किसी भी परिस्थिति में आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। आवेदकों को सलाह दी जाती है कि आवेदन के लिए अंतिम तिथि का इंतजार न करें और पहले ही आवेदन सुनिश्चित कर लें।

Student Change Request:- आपकी सुविधा को ध्यान में रखते हुए आपके Login में Change Request option शुरू से ही उपलब्ध करा दिया गया है जिसके तहत् आप केवल अपना नाम, पिता का नाम, माता का नाम, जन्म तिथि, लिंग और पता Change करने के लिए सम्बंधित कॉलेज या यूनिवर्सिटी को online request भेज सकते हैं। इस सुविधा के कारण कॉलेज या यूनिवर्सिटी जाकर अलग से आवेदन करने की आपको परेशानी नहीं होगी |